**SNBP International & Sr. Secondary School, Chikhali, Pune**
Affiliation No. 1130703
**PT 3/ TERM-II 2024-25**
**HINDI REVISION WORKSHEET**

**GRADE -5** **SUBJECT -HINDI**

**TOPIC- मधुश्री- ८) किन्नौर देश की ओर ९) मैं मज़दूर हूँ १०) कविता क) पावस , ख) बूँदें**
**व्याकरण- काल ,अविकारी शब्द, शब्द भंडार ( अनेकार्थी शब्द, श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द, अनेक शब्दों के लिए शब्द), निबंध लेखन, कहानी लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, पद्यांश**

---

खंड-अ

प्रश्न-१) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

गौरव के घर पर रौनक थी। आज उसके घर उसके मौसा-मौसी आए थे। उनके लिए पकौड़ी-कचौड़ी बनी थी। गौरव के मौसा फौजी थे। गौरव भी बड़ा होकर फौजी बनना चाहता है। उसे अपने मौसा के किस्से सुनने में बड़ा मज़ा आता था। मौसी ने बताया कि कैसे फौजी चौबीस-चौबीस घंटे सीमाओं पर सुरक्षा देते हैं। जब तक गौरव के मौसा उनके घर रहे, वे रोज सुबह दौड़ लगाते थे। वे शाम को चौक पर जाकर चौपाल की बातें सुनते और फिर घर लौट आते थे।

१) गौरव के घर कौन आए थे?

क) मौसा-मौसी ख) चाचा-चाची ग) दादा-दादी घ) इनमें से कोई नही

२) उनके लिए गौरव के घर क्या बना था?

क) दूध और पनीर ख) पकौड़ी- कचौड़ी ग) दाल और चावल घ) इनमें से कोई नहीं

३) गौरव बड़ा होकर क्या बनना चाहता था?

क) डॉक्टर ख) अध्यापक ग) फौजी घ) इंजीनियर

४) गौरव और मौसा जी रोज सुबह क्या करते थे?

क) दौड़ लगाते थे ख) चिड़ियाँ को देखते थे ग) पौधों को देखते थे घ) फूलों को देखते थे

५) 'आनंद' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?

क) मुश्किल ख) सरल ग) मज़ा घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-२) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-

१) 'रीमा खाना खा रही है'। वाक्य में काल का कौन-सा भेद है?

क) वर्तमान काल    ख) भविष्यत काल    ग) भूतकाल    घ) इनमें से कोई नहीं

२) 'वह कल दिल्ली जाएगा'। वाक्य में काल का कौन-सा भेद है?

क) वर्तमान काल    ख) भविष्यत काल    ग) भूतकाल    घ) इनमें से कोई नहींक

३) 'महिमा ध्यान से पढ़ती है'। वाक्य में क्रियाविशेषण का कौन-सा भेद है?

क) स्थानवाचक    ख) कालवाचक    ग) रीतिवाचक    घ) परिमाणवाचक

४) 'मोहन छत__________ पतंग उड़ा रहा है'। वाक्य को संबंधबोधक शब्दों से पूरा कीजिए।

क) के बीच    ख) के बिना    ग) के ऊपर    घ) इनमें से कोई नहीं

५) 'उत्तर' शब्द के अनेकार्थी शब्द ___________ होंगे।

क) जवाब , दिशा    ख) माला, पराजय    ग) किताब, कागज़    घ) इनमें से कोई नहीं

६) 'वार' शब्द के अनेकार्थी शब्द ___________ होंगे।

क) बस, कार    ख) दिन, आक्रमण    ग) कविता, पैर    घ) आग, बाण

७) 'मेरा __________बहुत सुंदर है'। वाक्य में सही श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द क्या होगा?

क) दिन    ख) घर    ग) अन्न    घ) इनमें से कोई नहीं

८) '_________की मदद करनी चाहिए'। वाक्य में सही श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द क्या होगा?

क) दीन    ख) वात    ग) बगीचा    घ) काला

९) 'जो विद्यालय में पढ़ता हो' को क्या कहते हैं?

क) भारतीय    ख) विद्यार्थी    ग) निराकार    घ) अनाथ

१०) 'देश विदेश में घूमने वाला' को क्या कहते हैं?

क) निराकार    ख) छोटा    ग) अपमान    घ) पर्यटक

प्रश्न-३) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

मैं बनिए के आदमी से पीने के लिए पानी माँग रहा था। तरुण ने कहा- मैं चाय लाता हूँ। यद्यपि मैं केवल ठंडा पानी चाह रहा था, किंतु तरुण के सत्कार को कैसे ठुकरा सकता था? माँ चाय बनाने चली गई।

१) लेखक बनिए के आदमी से पीने के लिए क्या माँग रहा था?

क) पानी ख) कॉफी ग) दूध घ) इनमें से कोई नहीं

२) लेखक को किसने कहा कि मैं चाय लेकर आता हूँ।

क) बनिए ने ख) तरुण ने ग) चौकीदार ने घ) इनमें से कोई नहीं

३) लेखक ने तरुण के सत्कार को क्यों नहीं ठुकराया था?

क) बारिश हो रही थी ख) लेखक चाय पीना चाहता था ग) तरुण की बात का मान रखना था

घ) इनमें से कोई नहीं

४) चाय किसने बनाई?

क ) तरुण की माँ ने ख) मित्र ने ग) तरुण ने घ) इनमें से कोई नहीं

५) 'सत्कार' शब्द का पर्यायवाची क्या होगा?

क) आदर ख) आशा ग) निरादर घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-४) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

वन-उपवन पनप गए सब, कितने नव अंकुर आए।

वे पीले-पीले पल्लव, फिर से हरियाली लाए।

१) 'वन-उपवन पनप गए' का अर्थ क्या है?

क) जंगल और बगीचे विकसित हो गए हैं। ख) वन में ग) पीले- हरे पत्ते घ) इनमें से कोई नहीं

२) 'नव अंकुर आए' का अर्थ क्या है?

क) बीज अभी नए हैं। ख) गर्मी से ग) बीजों से नए पौधे निकले हैं। घ) इनमें से कोई नहीं

३) 'पीले-पीले पल्लव' का अर्थ क्या है?

क) धरती ख) पीले पत्ते ग) बूँदें घ) इनमें से कोई नहीं

४) 'कितने नव______ आए' पंक्ति में सही शब्द क्या आएगा?

क) राग ख) सागर ग) मंदिर घ) अंकुर

५) 'नव' शब्द का पर्यायवाची शब्द ____________होगा ।

क) नया ख) दुख ग) मंदिर घ) धरती

खंड- ब

प्रश्न-५) दिए गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।

क) लेखक ने बुशहरी नारियों के बारे में क्या बताया?

ख) मज़दूरों ने नदियों के बहाव को क्यों रोका होगा?

ग) बादलों ने संगीत किस प्रकार सुनाया?

घ) बूँदें अपने तन में क्या लेकर आई हैं?

प्रश्न-६) दिए गए किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए।

क) वर्षा ऋतु में लोग मतवाले क्यों हो रहे हैं?

ख) मज़दूर धरती को कैसे सँवार रहे हैं?

ग) गौरा से सराहन डाक बंगले तक की यात्रा का वर्णन कीजिए।

प्रश्न-७) भाव स्पष्ट कीजिए-

वन में मयूर अब नाचें, हँस- हँस आनंद मनाएँ।

खंड- क

प्रश्न-८) 'मेरा विद्यालय' विषय पर १००-१२० शब्दों में निबंध लिखिए।

प्रश्न-९) दिए गए संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए और उसका शीर्षक भी लिखिए -

**भोजन की तलाश में सियार ............ धोबी के नील के ड्रम में गिरना ......... नीले रंग का लाभ उठाने की सोचना ............ जंगल का नया राजा बन जाना .......... सभी जानवरों का उसकी आज्ञा मानना, सेवा करना .......... सियार को घमंड होना ....... एक दिन सियारों का हुआँ-हुआँ करना ............ रँगै सियार का भी आवाज़ मिलाना ........... पोल-पट्टी खुल जाना ............. शेर के हाथों उसका मारा जाना**